राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

बिहार लोक भवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–94/2026

राज्यपाल ने सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति प्रक्रिया की समीक्षा की

पटना 29 मई, 2026 :– माननीय राज्यपाल–सह–कुलाधिपति लेफ्टिनेंट जनरल सय्यद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) ने बिहार लोक भवन में सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति प्रक्रिया की समीक्षा की। विश्वविद्यालय सेवा आयोग तथा उच्च शिक्षा विभाग द्वारा अपनाई गई प्रक्रिया का विस्तृत प्रस्तुतीकरण किया गया। राज्यपाल ने नियुक्ति प्रक्रिया में आवश्यक सुधार करने का निदेश दिया ताकि चयन की प्रक्रिया में शीघ्रता आए एवं चयन निर्विवाद व गुणवत्तापूर्ण हो तथा अच्छे और प्रतिभावान शिक्षकों का चयन हो सके।

उन्होंने अन्य राज्यों में सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति से संबंधित विभिन्न मानदंडों जैसे– संबंधित अधिनियम, चयन प्रक्रिया, चयन के तरीके, अभ्यर्थियों की आयु–सीमा आदि का अध्ययन करने हेतु एक समिति गठित करने का निदेश दिया ताकि दूसरे राज्यों के नवाचारों को बिहार में भी अपनाया जा सके।

राज्यपाल ने सभी विश्वविद्यालयों में एक समान शैक्षणिक एवं परीक्षा कैलेंडर लागू करने का निदेश दिया। उन्होंने विश्वविद्यालयों के बजट निर्माण हेतु कार्यशाला आयोजित करने का निदेश देते हुए कहा कि सभी विश्वविद्यालय समय पर उच्च शिक्षा विभाग को अपना बजट उपलब्ध कराएँ।

उन्होंने सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति प्रक्रिया के अंतर्गत प्रमाण–पत्रों के सत्यापन को शीघ्र पूरा कराने का निदेश देते हुए कहा कि इसकी जिम्मेदारी नियुक्ति प्राधिकार, अर्थात कुलपति की होगी।

बैठक में राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार सिंह, उच्च शिक्षा विभाग के सचिव श्री राजीव रौशन एवं निदेशक प्रो० एन०के० अग्रवाल, बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग के अध्यक्ष प्रो० गिरीश कुमार चौधरी, राज्यपाल सचिवालय के पदाधिकारीगण तथा अन्य लोग उपस्थित थे।

....